न्यायालय प्रथम अपील प्राधिकारी एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा

(अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005)

श्री राजेश गुर्जर निवासी आसीन्द, जिला भीलवाडा।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी निर्वाचन अनुभाग, कलेक्ट्रेट भीलवाडा।

प्रकरण संख्या :– 43 / 2026

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
10.03.2026	–: निर्णय :– 1. पत्रावली आज पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। 2. अपीलार्थी ने अपील में वर्णित सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी निर्वाचन अनुभाग, कलेक्ट्रेट भीलवाडा से चाही गई थी, परन्तु प्रत्यर्थी के द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं करवाये जाने के कारण अपीलार्थी द्वारा यह अपील ऑनलाईन क्रमांक 32642918390663 प्रस्तुत कर, प्रत्यर्थी से सूचना दिलाये जाने का निवेदन किया है। प्रकरण दर्ज कर उभयपक्षकारान् की तलबी हेतू नोटिस जारी किये गये। 3. लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी निर्वाचन अनुभाग, कलेक्ट्रेट भीलवाडा से प्राप्त सूचना अनुसार लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये पत्र क्रमांक 80330 दिनांक 04.03.2026 से अवगत कराया गया कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना / जवाब इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 80096 दिनांक 21.01.2026 से जरिये ऑनलाईन पोर्टल एवं रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित किया गया। जिसकी प्रतिलिपि उक्त अपील पत्रावली के अभिलेख पर मौजूद है। अतः उपरोक्त विवेचन के परिप्रेक्ष्य में अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार हो कर नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 10–03–2026 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। **(जसमीत सिहं संधू)** प्रथम अपीलीय अधिकारी लोक सूचना एवं जिला कलक्टर, भीलवाड़ा जिला कलक्टर भीलवाड़ा	

न्यायालय जिला कलक्टर भीलवाड़ा (राज.)